# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा0क0–79/26 दिनांक 18/07/2026

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– समर्थ पोर्टल के माध्यम से चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2026–30 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित द्वितीय चयन सूची से नामांकन के संबंध में।**

**महाशय / महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2026–30 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु द्वितीय सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थियों का नामांकन हेतु चयन उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय–वरीयता, अन्तर–स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधा अंक एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार किया गया है। प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि चयन सूची के आधार पर ***दिनांक– 20.07.2026 से 24.07.2026 तक*** आवंटित विषय में ही छात्र–छात्राओं का नामांकन लिया जाय। नामांकन से संबंधित अन्य बातें पत्रांक– छा0क0– 51/26 दिनांक– 26.06.2026 पत्र के अनुसार यथावत् रहेंगी।

अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।

***नोटः– प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का अपडेट यदि किसी कारणवश नहीं कर पाये हों तो समर्थ पोर्टल पर दिनांक– 25.07.2026 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। इसके उपरान्त अपडेशन संबंधी किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***अपडेशन में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। द्वितीय सूची से नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर विश्वविद्यालय अग्रेत्तर कार्यवाई करेगी।***

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

18.7.26

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

18/7/26